Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:57 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:55 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 207 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 9 फरवरी 2026



लैमन ग्रीन लहंगे में खूब...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### इंस्पेक्टर विक्रम राठौर को कुंडा कोतवाली की मिली जिम्मेदारी

रुद्रपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दो निरीक्षक और एक सब इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर विक्रम राठौर को कुंडा कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन प्रभारी निरीक्षक मंजू पांडे को नानकमत्ता कोतवाली की कमान सौंपी है। जबकि नानकमत्ता से हटाए गए सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार को प्रभारी एसओजी ऊधमसिंह नगर बनाया है। एसएसपी ने स्थानांतरित किए गए कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थान पर पहुंच चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि इंस्पेक्टर विक्रम राठौर की काफी से पुलिस कार्यालय में तैनाती थी, जिसका पुलिस कार्यालय में ऑफिस ही नहीं था। पुलिस सूत्रों की मानें तो तो जनपद में थाने कोतवाली में तब्दील हुई है, कुछ थानों में तो पहले से ही इंस्पेक्टर तैनात हैं। अभी एक कोतवाली में सब इंस्पेक्टर ही चार्ज संभाले हुए हैं।

### तंबाकू कारोबारी के बेटे ने लैंबोर्गिनी से चार को किया घायल

कानपुर। कानपुर में वीआईपी रोड पर रविवार दोपहर तंबाकू कारोबारी के बेटे ने अपनी लैंबोर्गिनी कार से फर्राटा भरते समय ऑटो, बुलेट में टक्कर मार दी। इसके बाद खुद भी बेकाबू होकर कार फुटपाथ पर चढ़ गई। कार की चपेट में आने से वाहन सवारों समेत चार लोग घायल हो गए। लोगों ने कार को घेर लिया तभी लैंबोर्गिनी के पीछे चल रही कार से आए बाउंसरों ने लोगों को धक्कामुक्की कर हटाया। कार का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकालने के बाद निजी अस्पताल भेजा। चालक को दौरा आने के कारण हादसा होने का दावा किया जा रहा है। आर्यनगर निवासी केके मिश्रा तंबाकू के बड़े कारोबारी हैं। उनके बेटे शिवम रविवार दोपहर अपनी लैंबोर्गिनी कार से ग्रीन पार्क की ओर जा रहे थे। अचानक रिंग वाले चौराहे के पास कार बेकाबू हो गई।

## आज बदलेगा मौसम: कोहरे के साथ बारिश-बर्फबारी के भी आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता



हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक रविवार को मौसम साफ रहा और दिन में धूप खिली रही लेकिन मैदानी इलाकों में सोमवार को कोहरा छाने के साथ पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इसके चलते ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक से ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना अधिक है। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 फरवरी तक प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। 12 फरवरी से मौसम शुष्क होगा और मैदानी हिस्सों में तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास होगा और तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। रविवार को दून में चटख धूप खिलने से यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 25.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के सभी हिस्सों में रहा।

विधायकों ने लगाए गो बैक गो बैक के नारे

## यूपी बजट 2026: विपक्ष के हंगामे के बीच हुआ राज्यपाल का भाषण

लखनऊ
एजेंसी

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार यानी आज से शुरू हो गया। सत्र से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से बात की। उन्होंने सरकार का एजेंडा बताया। सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे।

पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, सपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। गो बैक, गो बैक के नारे लगाए। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक कुल 267 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए। 977 अभियुक्तों को रासुका के तहत निरुद्ध किया गया। साथ ही माफिया अपराधियों से 04 हजार 137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के भाषण के साथ शुरू हुआ। विपक्षी विधायकों का हंगामा और नारेबाजी भी शुरू रही। राज्यपाल ने कहा कि



राज्य में छह करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति जारी है। नवंबर, 2019 से अब तक 129 अपराधियों को अलग-अलग अभियोगों में आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास व अर्थदंड से दंडित कराया गया है। दो को मृत्युदंड की सजा हुई है।

सीएम ने कहा कि विधान मंडल वाकई डेमोक्रेसी का एक जरूरी पिलर है। यह बातचीत से काम करती है, कार्यवाही में रुकावट डालकर नहीं। अगर कोई सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहता है, तो कार्यवाही में रुकावट डालना, एक तरह से, उन्हीं मुद्दों को कमजोर करने की कोशिश है जिन पर वे ध्यान खींचना चाहते हैं। सत्र से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि आज गवर्नर के भाषण के बाद उत्तर प्रदेश का इकोनॉमिक सर्वे भी सदन में पेश किया जाएगा। यह पहली बार है जब कोई राज्य सरकार अपनी इकोनॉमिक उपलब्धियां पेश कर रही है। हम यह बताना चाहेंगे कि हमने उत्तर प्रदेश को पिछड़ेपन से निकालकर भारतीय इकोनॉमी में एक बड़ी कामयाबी के तौर पर स्थापित किया है।

## हल्द्वानी ट्रांसपोर्ट नगर और मुखानी अवैध धंधों का गढ़, पुलिस की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में अवैध शराब और जुए पर सख्ती के पुलिस-प्रशासन के तमाम दावे ज़मीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। मुखानी से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर तक हालात यह हैं कि ढाबों, होटलों और गलियों में खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार महकमा आंखें मूंदे बैठा है।

ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सुबह से देर शाम तक जुए के अड्डे सजे रहते हैं। सड़कों और गलियों में ताश और सट्टे में डूबे लोगों की भीड़ आम नज़ारा बन चुकी है। वहीं ढाबों की आड़ में अवैध शराब परोसी और बेची जा रही है। इन गतिविधियों से स्थानीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि अवैध शराब और जुए का यह पूरा नेटवर्क टीपीनगर चौकी से महज चंद कदमों की दूरी पर संचालित हो रहा है। बावजूद इसके न तो नियमित चेकिंग दिखाई देती है और न ही कोई ठोस कार्रवाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस चाहे तो एक दिन में ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सकता है, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में तीन से चार संगठित गिरोह लंबे समय से सक्रिय हैं, जो ढाबों और छोटे होटलों के जरिए शराब की सप्लाई कर रहे हैं। यह शराब हल्द्वानी शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाई जा रही है। वर्चस्व को लेकर कई बार आपसी झड़प और मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन मामलों को दबा दिया गया। स्थानीय कारोबारियों और निवासियों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब भी किसी प्रकार की कार्रवाई की भनक लगती है, अवैध कारोबारियों को पहले ही सूचना मिल जाती है। परिणामस्वरूप पुलिस के पहुंचने से पहले ही सब कुछ सामान्य दिखने लगता है। इससे पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जुए के बढ़ते चलन से क्षेत्र का सामाजिक माहौल तेजी से खराब हो रहा है।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से जवाबदेही तय करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही अवैध शराब और जुए के खिलाफ ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई तो हालात और भयावह हो सकते हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस महकमा इन गंभीर आरोपों को महज अफवाह बताकर टालता है या फिर ट्रांसपोर्ट नगर में पनप रहे अवैध धंधों पर वास्तव में शिकंजा कसता है। कोतवाल विजय मेहता ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस अवैध धंधे पर अंकुश लगाया जाएगा।

## 46वीं वाहिनी पीएसी का 34वां स्थापना दिवस पर भव्य मेला का आयोजन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

46वीं वाहिनी पीएसी के स्थापना दिवस पर वाहिनी परिसर 4 दिवसीय भव्य मेले का आयोजन शुरू हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने फीता काटकर किया। सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट ने मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने मेले में लगे शाखाओं की स्टालों का निरीक्षण किया। मेले में पहाड़ी दालें, ताम्र,पीतल सामग्री,हस्तशिल्प वस्तुएं, स्थानीय खाद्य उत्पाद समेत अन्य सटाल लगाए गए। इसके बाद लोक कलाकारों एवं वाहिनी के नन्हे बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। लोकनृत्य और पारंपरिक संगीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई दी।इस दौरान सेनानायक ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर वाहिनी स्थापना दिवस के अवसर में उपस्थिति पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी,हेमा बिष्ट, उपसेनानायक 46 वीं वाहिनी पीएसी वीर सिंह, सहायक सेनानायक 46 वीं पीएसी प्रतिमा भट्ट, शिविरपाल शबालम सिंह बजेली, दलनायक आरसी भट्ट, योगेंद्र सिंह देव, राजेंद्र प्रसाद,सुंदर सिंह,महेश प्रसाद, महिपाल सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे। मेले का समापन 11 फरवरी को होगा। इस मौके मुख्य अतिथि डीआईजी यशवंत चौहान होंगे।

## युवक को तमंचा, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया,खाली खोखा भी बरामद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों की चैकिंग के दौरान एक युवक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार युवक पर कुछ समय पहले किच्छा हाईवे पर चलती बाईक पर पीछे बैठ कर फायर करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली की चौकी रम्पुरा के एसआई धीरज टम्टा टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्धों की चैकिंग कर रहे। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था रोकथाम और संदिग्धों की चैकिंग कर रही। इंदिरा चौक पर पुलिस पहुंची तो वहां पर मुखबिर ने सूचना दी हाईवे पर चलती



बाईक पर सवार दो व्यक्ति तमंचे से फायर करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है,उनमें से एक व्यक्ति ने फायर किया गया था। उसका नाम संजय कोली पुत्र कल्लू राम निवासी रम्पुरा वार्ड नंबर 21 रुद्रपुर और पीछे बैठे व्यक्ति का नाम बॉबी पुत्र भगवान दास है। संजय कोली रम्पुरा में ही तमंचा लगाए घूम रहा है। कोतवाल ने बताया कि संजय कोली इस समय ब्लॉक रोड में तमंचा लगाए हुए घूम रहा है। इस समय पकड़ा जा सकता है। पुलिस सूचना पर कार्रवाई करते ब्लॉक रोड पहुंची। पुलिस ने एक व्यकि को घूमते हुए देखा। पुलिस को देख वह भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम संजय कोली पुत्र कल्लू राम निवासी रम्पुरा वार्ड 21 थाना रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा 315 बोर,जेब से एक खोखा कारतूस,जिंदा कारतूस बरामद हुआ। है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### नानकमत्ता निवासी व्यक्ति से 3 हजार रुपए खरीदा था तमंचा

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि तमंचा कुछ समय पहले नानकमत्ता से किसी व्यक्ति से 3000 रुपये में खरीद था। यह वही तमंचा है जिससे कुछ समय पहले मैं और बॉबी जब एक बाईक से किच्छा की तरफ जा रहे थे। किच्छा रोड हाइवे में चलती बाईक से फायर किया था।तमंचा अपने पास लड़ाई झगडा होने पर दिखाने के लिए रखने की बात भी बताई।

# पत्रकारों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## पत्रकारों का होली मिलन कार्यक्रम भी होगा आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट नैनीताल इकाई की बैठक नगर पालिका सभागार में मुखय अतिथि वरिष्ठ पत्रकार किशोर जोशी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गौरव जोशी ने की।

बैठक में दो दिन पूर्व देहरादून में पत्रकार हेम भट्ट पर अज्ञात द्वारा किए गए हमले की सभी पत्रकारों ने निंदा की और सोमवार (आज) को इस मामले पर आईजी को ज्ञापन देकर दोषियों पर सखत कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस दौरान सबके चेहते रेस्टोरेंट व्यापारी गब्बर भाई के निधन पर दो मिनट का शोक कर उनको श्रद्धांजलि दी और आने वाले समय पर दिवंगतों की याद में शिविर आयोजन करने को लेकर सहमति बनी। बैठक में पत्रकार नवीन पालीवाल ने कानून सहित अन्य विषयों पर कार्यशाला कराने के लिए अपनी बात रखी जिस पर आने वाले समय पर कार्यशाला लगाने को लेकर भी सहमति बनी और कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



बैठक में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर भी कमेटी बनाई गई जिसमें पत्रकार दामोदर लोहानी, संतोष बोरा तथा तेज सिंह नेगी को शामिल किया गया। बैठक में तय किया गया कि अब हर तिमाही में पत्रकारों की आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी जिसके लिए महीने का द्वितीय शनिवार का समय तय किया गया साथ ही सदस्यता शुल्क भी सभी पत्रकारों से जल्द से जल्द कोषाध्यक्ष को देने के लिए निवेदन किया गया। इस मौके पर यूनियन के संरक्षक व पत्रकार रविंद्र पांडे रवि, वरिष्ठ पत्रकार डा.गिरीश रंजन तिवारी, किशोर जोशी, जिलाध्यक्ष अफ जल हुसैन फौजी,नगर अध्यक्ष गौरव जोशी, उपाध्यक्ष सुरेश कांडपाल, तेज सिंह नेगी, दामोदर लोहनी, संतोष बोरा, राजू पांडे, नवीन पालीवाल, गणेश कांडपाल, शीतल तिवारी, डॉ सुनील, आकाशी माणमी, शैलजा, सुमन, सूरज, गुड्डू ठठोला, तनुज पांडे आदि मौजूद थे।



# गोदान फि ल्म के माध्यम से गौ सेवा एवं सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गोदान फिल्म प्रदर्शन श्रृंखला के तीसरे दिन रविवार को नैनीताल के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों एवं आचार्य परिवार ने हल्द्वानी स्थित वॉकवे मॉल के सिनेमा हॉल में प्रेरणादायी फि ल्म गोदान देखी।

इस कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल द्वारा की गयी। फिल्म प्रदर्शन के उपरांत श्याम अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं आचार्य परिवार को गौदान, गौ सेवा तथा समाज में गाय के महत्व के विषय में जानकारी दी और सभी को इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित किया।श्री श्याम अग्रवाल ने कहा कि समाज का नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास तभी संभव है जब हम गाय के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक हों और गौ संरक्षण के महत्व को समझकर उसे अपने जीवन में अपनाएँ।इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों और आचार्यों में सनातन मूल्यों और गौ सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# भीमताल खंड ज्योलीकोट मंडल में हुआ वृह्द हिंदू सममेलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल खंड के अंतर्गत ज्योलीकोट मंडल में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व सममेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पुष्पाचन के साथ किया गया। सममेलन में मुखय वक्ता के रूप में करन गिरी जी महाराज (महंत महायोगी पायलट बाबा आश्रम) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मुखय वक्ता उत्तम सिंह नयाल (सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नैनीताल विभाग) एवं मातृ शक्ति की ओर से मुखय वक्ता के रूप में नमिता सुयाल (ज्योतिषाचार्य) रही। सममेलन में मुखय वक्ता करन गिरी महाराज ने हिंदू संगठन एवं समाज के बारे में बड़े विस्तार से आए हुए कार्यकर्ताओं को समझाया जबकि उत्तम सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की विकास यात्रा को बड़े विस्तार से समझाया वहीं नमिता सुयाल ने मातृ शक्ति संगठन के बारे में बताया और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान से अवगत कराया। कायक्रम में मुखय रूप डॉ. नरेंद्र, डॉ. माधव, शेखर भट्ट ,बीना जीना, रजनी रावत, पुष्कर जोशी, कैलाश जोशी, डॉ.ललित, महेंद्र सिंह नेगी (प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा) आदि मुखय रूप से रहे। सममेलन में 200 लोगों ने प्रतिभाग किया। अंत में डॉ. ललित जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह दीवान सिंह ने किया।



## NEWS / फटाफट

### बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिताः ओल्ड बॉयज ने मारी बाजी

**नैनीताल ।** नैनीताल के खेल मैदान में आयोजित कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को एक मुकाबला खेला गया। प्रतियोगिता के तहत ओल्ड बवाइज और शाही क्रिकेट कलब के मध्य मुकाबला खेला गया। ओल्ड बवाइज ने निर्धारित 200 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 125 रनों का लक्ष्य रखा जबकि जवाब में शाही क्रिकेट कलब की टीम 15 वें ओवर में सभी विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। इस प्रकार यह मुकाबला ओल्ड बॉयज के नाम रहा।

### नैनीताल में बढ़ने लगा है अब तापमान

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। रविवार को गत दिवस की तुलना में दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस बीच मौसम का मिजाज बेहद सुहावना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। नगर की सुबह सुनहरी धूप के साथ शुरू हुई और जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो गर्माहट भी बढ़ती चली गई और मौसम खुशनुमा होता चला गया। दिन के समय ठंड महसूस नहीं हुई। हालाकि हल्के बादलों का आना जाना भी पूरे दिन लगा रहा। शाम होने के बाद ठंड में बढ़ोतरी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (आज) को भी मौसम सामान्य बने रहने की संभावना है। मौसम शुष्क रहने से आद्रता में कमी आएगी। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### भवाली के तीन वार्डो में पुलिस ने चलाया वृह्द सत्यापन अभियान



**नैनीताल ।** पुलिस कप्तान डा.मंजू नाथ टीसी के निर्देशन में एसपी नैनीताल डॉ0 जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक भवाली प्रकाश मेहरा के नेतृत्व में रविवार को भवाली पुलिस द्वारा वृहद सत्यापन अभियान के दौरान कस्बा भवाली के वार्ड नंबर 2 से लेकर 4 तक के रेहड़, गांधी कॉलोनी, टमट्यूड़ा क्षेत्र में पुलिस व पीएसी टीमों द्वारा कुल 51 मकानों में रह रहे 199 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन चेक किया गया। इस दौरान सत्यापन अपूर्ण पाए जाने पर 21 लोगों के विरुद्ध 81 पुलिस एकट के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। दूसरी ओर पुलिस द्वारा भवाली क्षेत्र के सभी मकान मालिकों से किरायदार सत्यापन करने की लगातार अपील की जा रही है।

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 573वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 573वे दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार (आज) से पुनः विद्यालयों को पौधा का रोपण कार्यक्रम मेरा पौधा –मेरा परिवार के तहत जोड़ा जाएगा।

### पुलिस की विवेचना में आठ और संदिग्धों के नाम प्रकाश में आए

**गदरपुर।** गदरपुर में सामने आए हनी ट्रैप और रंगदारी मामले में पुलिस की विवेचना में आठ और लोगों के नाम शामिल किया गया हैं। इनमें से तीन आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक अब तक जुटाए गए साक्ष्यों कॉल डिटेल और बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका भी स्पष्ट हुई है। विवेचना पूरी होने के बाद सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। बीती 26 जनवरी को ग्राम मडियान शादीए जिला रामपुर निवासी दाऊद ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया था कि महिला गैंगस्टर जौहर उर्फ महक ने फेसबुक आईडी के माध्यम से संपर्क कर उसे गदरपुर बुलाया था। यहां अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उससे गाली गलौज मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 40 हजार रुपये नकद व 95 हजार रुपये ऑनलाइन जबरन वसूल कर लिए थे। गदरपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जौहर उर्फ महक निवासी चादर वाला बाग मोहल्ला जिला अस्पताल रामपुर, राबिया निवासी राजद्वारा कोने वाली गलीए कोतवाली रामपुर और रोहन निवासी स्वार गेट मुड़िया नदार बाग रामपुर को गिरफ्तार किया था।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भवाली में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में वाल्मीकि समाज ने सौपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**मांग**

- क्षेत्र के अन्य निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए

भवाली नगर में कुछ दिन पूर्व नाबालिग बालिका के साथ हुए दुराचार के मामले को लेकर वाल्मीकि समाज ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा।

समाज के लोगों ने घटना की कड़े शबदों में निंदा करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। वाल्मीकि समाज ने कहा कि इस तरह की घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं और ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बखशा नहीं जाना चाहिए। समाज ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध सखत धाराओं में, विशेष रूप से एससी-एसटी एकट के तहत कार्रवाई करने की मांग की गयी ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने का साहस न कर सके साथ ही समाज के लोगों ने यह भी आग्रह किया कि अपराधियों की आड़ में क्षेत्र के अन्य निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए। उन्होंने बताया कि संबंधित वार्ड एक शांतिपूर्ण क्षेत्र है जहां लगभग 50 वाल्मीकि परिवार निवास करते हैं और सभी कानून का सममान करने वाले नागरिक हैं।

ज्ञापन सौंपते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, लेकिन क्षेत्र में रहने वाले आम लोगों को बेवजह प्रताड़ित न किया जाए। इस मौके पर पंकज अद्वेती, बलवीर, राजा राम, हरपाल, राजेश, राजन, सोनू, आयुष, सुभाष तथा धीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधानःहेम आर्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधान के तहत पगोट, घुघुखान, बागनी,बासी, सौड़ तथा सीगड़ी का भ्रमणकर वहां की जन समस्याएं सुनी।

इस दौरान ग्रामीणों ने हेम आर्य का भव्य स्वागत किया वही हरी आश्रम राजघर बासी में शिव मूर्ति मंदिर में मूर्ति स्थापना में ग्रामीणों के साथ वहां पहुंचे। मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसके बाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर हेम आर्य ने लोगों की जन समस्याओं को सुना लोगों ने बताया कि क्षेत्र में सड ? व पानी की समस्या के चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है उन्होंने तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निदान दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। क्षेत्र में पहुंचने पर ग्रामीण खुशी की लहर थी। वही



नैनीताल विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में हेम आर्य को लोगों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। इस दौरान पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य भोपाल बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन अरोड़ा, पूर्व बूथ अध्यक्ष बालम सिंह कपकोटी, पूर्व मंडल महामंत्री कंचन पंत, तारा सिंह, आनंद सिंह, विनोद, कृपाल सिंह, कुशल सिंह, नीरज सिंह, देव सिंह, महेश सिंह,चंद्रशेखर सिंह कार्की, ग्राम प्रधान प्रकाश बिष्ट, पूरन सिंह, महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान दिनेश, पूर्व प्रधान दीपू आर्य,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रीखोली आनंद सिंह बोरा व पूर्व प्रधान ललित आदि मौजूद रहे।

# अभिमत



## मातृशक्ति का प्रण

***नशे के खिलाफ मुहिम सफल नहीं होने का कारण धंधेबाज नहीं हैं, बल्कि नशा करने वाले दोषी हैं। विवाह, जन्म दिन की वर्षगांठ, थर्टी फस्टर्स, नववर्ष, विवाह की वर्षगांठ आदि की खुशी बिना शराब के अधूरी मानी जाती है। थर्टी फस्टर्स पर करोड़ों रुपये की शराब एक ही दिन में अंग्रेजी और देशी मदिरा की अधिकृत दुकानों से बिकी। आबकारी ठेके की नीलामी हर साल होती है। ठेकेदार नई दुकानें खोलने की शर्त पर रकम बढ़ाते हैं। सरकार राजस्व के लालच में दुकानों की संख्या लगातार बढ़ाती जा रही है।***

उत्तराखंड में मातृशक्ति सदैव सक्रिय भूमिका निभाती रही है। महिलाएं सभी आंदोलन में आगे रहती हैं। नशे के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई है। अब बागेश्वर जिले के तल्ला सुपी गांव की महिलाओं ने सामूहिक आवाज उठाई है। महिला मंगल दल ने गांव में शराब बेचने और खरीदने वालों पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने का निर्णय किया है। विवाह आदि आयोजन में शराब परोसने पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया जायेगा। महिलाओं ने जय श्री अलखनाथ देवता एकता दल नाम से समूह का गठन किया है। यह समूह नशा मुक्त के लिए काम कर रहा है। समूह में महिलाओं की सदस्यता बढ़ती जा रही है और नशे के खिलाफ मुहिम को समर्थन मिल रहा है। इससे पहले भी महिलाएं शराब बेचने वालों को पकड़कर पुलिस को सौंप चुकी हैं। महिलाओं ने जागरुकता रैली निकाली। महिलाओं ने बीड़ा उठाया है कि गांव में मादक पदार्थों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चरस बनाने और बेचने पर जुर्माना लगेगा तथा सामाजिक बहिष्कार किया जायेगा। उत्तराखंड में नशे पर रोक के लिए पुलिस लगातार दावे करती रहती है। शायद ही ऐसा कोई दिन हो जब पुलिस अवैध शराब, स्मैक, चरस बरामद कर तस्करों को गिरफ्तार न करती हो। नशे के कारोबारी तू डाल-डाल मैं पात-पात की कहावत चरितार्थ कर नशे के धंधे को बंद नहीं कर रहे हैं। नशे के खिलाफ मुहिम सफल नहीं होने का कारण धंधेबाज नहीं हैं, बल्कि नशा करने वाले दोषी हैं। विवाह, जन्म दिन की वर्षगांठ, थर्टी फस्टर्स, नववर्ष, विवाह की वर्षगांठ आदि की खुशी बिना शराब के अधूरी मानी जाती है। थर्टी फस्टर्स पर करोड़ों रुपये की शराब एक ही दिन में अंग्रेजी और देशी मदिरा की अधिकृत दुकानों से बिकी। आबकारी ठेके की नीलामी हर साल होती है। ठेकेदार नई दुकानें खोलने की शर्त पर रकम बढ़ाते हैं। सरकार राजस्व के लालच में दुकानों की संख्या लगातार बढ़ाती जा रही है। शराब की दुकानें गांव और गली-मोहल्ले में खुल गई हैं। महिलाएं नई दुकान खोलने का विरोध करती हैं, परन्तु अधिकतर पुरुषों का समर्थन नहीं मिलता है। पुलिस के अधिकारी महिलाओं के आक्रोश को शांत करने के लिए कुछ दिनों के लिए दुकान नहीं खोलने देते हैं। कुछ समय बाद दुकान खुल जाती है। सिर्फ एक गांव की महिलाएं नशा नहीं रोक पायेंगी। राज्य की हर घर की महिलाओं को सबसे पहले नशेड़ी पुरुषों के खिलाफ मोर्चा खोलना होगा। नशेड़ी तो अंतिम संस्कार करके श्मशान से लौटकर गम भुलाने का बहाना बनाकर भी शराब पीते हैं।

# देहरादून में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सैंगुइन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी एक राष्ट्रीय स्तर की एनजीओ द्वारा उत्तराखंड हैरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड एडवांस स्टेडीज, केके टावर कारगी रोड देहरादून में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर में आमजन की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली जहां बड़ी संखया में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का मुखय उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा रोगों की समय पर पहचान तथा रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को जन जन तक पहुँचाना था। शिविर में लोगों को वजन प्रबंधन, रक्तचाप नियंत्रण, हृदय स्वास्थ्य, त्वचा स्वास्थ्य, हड्डी एवं जोड़ देखभाल, पाचन स्वास्थ्य, रक्त शर्करा नियंत्रण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जैसी सेवाएँ प्रदान की गई साथ ही स्वस्थ जीवनशैली एवं खान पान संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नवनीत बडोनी जो कि एक प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। डॉ. बडोनी एवं उनकी टीम ने न केवल लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया बल्कि हड्डी जोड़ों, त्वचा, पाचन एवं सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जागरूकता भी फैलाई। उन्होंने लोगों को नियमित जाँच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. कंचन नेगी संस्थापक एवं निदेशक यूएचएसएमएएएस ने कहा कि हमने अपना जीवन सामाजिक कार्य और जनसेवा के लिए समर्पित किया है। स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज की नींव है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से हम लोगों तक स्वास्थ्य जागरूकता और आवश्यक मार्गदर्शन पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। हम आगे भी निरंतर अपना योगदान देते रहेंगे और समाज की सेवा करते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने चिकित्सकों तथा उनकी टीम प्रबंधन तथा शिविर में उपस्थित सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का समापन स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मजबूत संदेश के साथ हुआ और इसी प्रकार से ऐसे शिविर आयोजित करने और समाज के हित में कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में डॉ. नवनीत बडोनी, डॉ के एस नेगी, सुशीला नेगी, रविंद्र सिंह नेगी,अगस्त्य नेगी,धनबीर बिष्ट, सुनीता बिष्ट,आयुषी चौहान,आंचल बिष्ट, केशव, हरि ओम, आयुष, दीपांशु, प्रियांशु ,नित्यानंद डोभाल तथा बीरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे।




## वाल्मीकि सभा नैनीताल का कार्यकाल पूरा, महासचिव ने दिया त्यागपत्र

**नैनीताल** । नगर वाल्मीकि पंचायत नैनीताल के सरदार एवं महासचिव वाल्मीकि सभा दिनेश कटियार ने कहा है कि वाल्मीकि सभा नैनीताल का कार्यकाल 7 फरवरी 2026 को पूर्ण हो चुका है। उन्होंने वाल्मीकि समाज से गुजारिश की है कि पुन चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ वाल्मीकि नगर पंचायत नैनीताल द्वारा ही किया जाए जिसमें समस्त चौधरी, प्रधान व सरदार शामिल हो वह उनकी देख रेख में 2026 वाल्मीकि सभा का चुनाव किया जाए ।

कटियार ने कहा कि समाज द्वारा गठित चुनाव कमेटी हो जिसमें आम चुनाव करता एवं उमीदवारों एवं मतदाताओं को काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने समस्त चौधरी, प्रधानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है वह अपने स्तर पर ही इस चुनाव को संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कार्यकाल खत्म होने की तिथि से ही अपना त्याग पत्र दे दिया है।

# वॉकवे मॉल में किया उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स का भव्य आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी स्थित प्रतिष्ठित होटल फॉर्च्यून वॉल्कवे मॉल (आईटीसी होटल्स) में उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रीत टेक द्वारा किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए उन उद्यमियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आतिथ्य, रिटेल एवं व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य आयोजक एवं प्रीत टेक के निदेशक दिलप्रीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास में छोटे और बड़े व्यवसायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे मंच उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं।

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित संस्थानों में वानप्रस्थ रिसॉर्ट्स (अल्मोड़ा) से सीए (डॉ.) आलोक मिश्रा, वेलकमहोटल बाय आईटीसी होटल्स जिम कॉर्बेट से मार्क निकोलस, इक ओंकार ग्लोबल एकेडमी (उधम सिंह नगर) से सुखविंदर सिंह, काठीपुरा काठी रोल्स से अरुण, द कबाना से वत्सल अग्रवाल, क्यू हेल्थ डायग्नोस्टिक्स (देहरादून) से डॉ. शशांक प्रतीक (स्वास्थ्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु), अशोका बेयरिंग एंटरप्राइजेज से प्रियव्रत चितलांगिया, वीकेजे प्रोजेक्ट्स (देहरादून) से एम.एस. राणा तथा अपलिफ्ट फाइनेंशियल कंसल्टेंसी सर्विसेज (हरिद्वार) से अरुण चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश, राज्य मंत्री श्रीमती रेनू अधिकारी, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी भाजपा उत्तराखंड कौस्तुभानंद, मा. अध्यक्ष बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय उत्तराखंड डीसीएस. रावत,महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल सौरभ अधिकारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा समीर आर्य, गन्ना मंत्री उत्तराखंड सरकार मंजीत सिंह राजू उपस्थित रहे।



# फिल्मी दुनिया

## गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम कपूर



*सोनम कपूर दूसरी बार मां बनने वाली हैं। आज रविवार शाम उनकी गोदभराई की रस्म हुई। इसमें बॉलीवुड की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं।*

*अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। आज रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं।*

*सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया।*

*सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है।*

### सोनम कपूर और आनंद को दी बधाई

*गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है। अब यह खूबसूरत जोड़ी अपनी दूसरी संतान का स्वागत करेगी।*

# डीएम ने दी बोर्ड परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



आगामी बोर्ड परीक्षाओं के अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के समस्त परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों से परीक्षा के मद्देनजर संयम, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की अपील की है।

जिलाधिकारी रयाल ने अपने संदेश में कहा कि परीक्षा जीवन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव अवश्य है किंतु इसे भय, तनाव अथवा असहनीय दबाव का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। परीक्षाएँ ज्ञान और अभयास की परख होती है न कि किसी छात्र के व्यक्तित्व, प्रतिभा या भविष्य का अंतिम निर्णय।उन्होंने परीक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या को सरल, संतुलित और नियमित रखें। पर्याप्त विश्राम, समयबद्ध अध्ययन और स्वस्थ मन स्थिति के साथ परीक्षा देने से ही वास्तविक क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन संभव हो पाता है। अत्यधिक अंक प्राप्त करने की चिंता कई बार सहज ज्ञान को भी बाधित कर देती है जबकि स्वाभाविक और शांत मन से किया गया प्रयास अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। जिलाधिकारी रयाल ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। इस समय बच्चों को दबाव या भय नहीं बल्कि विश्वास, सहारा और स्नेह की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता भिन्न होती है और सफलता के मार्ग भी अनेक हैं यह समझ विकसित करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कहा कि अंक जीवन का एक पड़ाव निर्धारित कर सकते हैं किंतु जीवन की दिशा नहीं। संयम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही दीर्घकालीन सफलता की आधारशिला होती है।

# News कॉर्नर

## छेड़छाड़ और जानलेवा हमलाः अन्ना पर आरोप

**हल्द्वानी।** जवाहर नगर में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता की दादी नसीमा पत्नि अनीस अहमद ने कोतवाली बनभूलपुरा में शिकायत दर्ज कराई है। नसीमा ने बताया कि उनकी पौती अदीबा पुत्री फरहान जब घर से बाहर जाती थी, तो अन्ना पुत्र जाहिद निवासी गौला गेट जवाहर नगर उसका पीछा करता था और रास्ते में छेड़छाड़ करता था। अदीबा के विरोध करने पर अन्ना उसे जबरन उठाकर शादी करने और जान से मारने की धमकी देता था। 7 फरवरी को अदीबा घर से कुछ समान लेने निकली थी, तो अन्ना ने उसे रोक लिया और जबरन पकड़कर शादी करने के लिए उठाकर ले जाने लगा। अदीबा के मना करने पर अन्ना ने पत्थर उठाकर उसके सर पर वार कर दिया और गाली-गलौच कर भाग गया। अदीबा का उपचार सोबन सिंह जीना में कराया गया, जहां उसके सर पर गम्भीर चोट आई है। कोतवाली बनभूलपुरा ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अन्ना के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## गोला क्षेत्र में चोरों का आतंक, एक ही रात में 19 ट्रैक्टर बैटरियां चोरी

**हल्द्वानी।** गौला नदी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात अज्ञात चोरों ने इलाके में खड़े ट्रैक्टरों को निशाना बनाते हुए एक ही रात में 19 बैटरियां चोरी कर लीं। घटना के बाद से वाहन स्वामियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।
पीड़ित वाहन स्वामियों का कहना है कि इससे पूर्व भी उनके ट्रैक्टरों से लगभग 8 बैटरियां चोरी हो चुकी हैं, जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले और अधिक बुलंद हो गए हैं। वाहन स्वामियों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

# कुविवि के कुलपति प्रो.रावत को मिला आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

देश में उच्च शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो.(कर्नल) दीवान सिंह रावत को आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंडिया एजुकेशन नेटवर्क द्वारा आयोजित 15वें इंडिया एजुकेशन समिट एवं अवॉर्ड्स 2026 के दौरान नई दिल्ली में प्रदान किया गया।



समारोह के दौरान प्रो. रावत को यह सम्मान कुमाऊँ विश्वविद्यालय में किए गए नवाचारी प्रशासनिक सुधारों, अकादमिक सुदृढ़ीकरण तथा शोध उन्मुख वातावरण के निर्माण तथा संस्थागत सुशासन के लिए प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता आधारित शिक्षा, शोध एवं नवाचार तथा डिजिटल प्रशासन तथा छात्र केन्द्रित नीतियों के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रो. रावत के कार्यकाल में प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण, पारदर्शी एवं डिजिटल आधारित निर्णय प्रणाली तथा अकादमिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर प्रो.रावत ने डिग्री तथा कौशल और रोजगार के आपसी संबंध पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे व्यावहारिक कौशल तथा नवाचार और उद्योग अनुकूल दक्षताओं से जोडना आवश्यक है।उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिमेदारी है कि वे विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल, उद्यमिता और समस्या व समाधान की क्षमता से भी सशक्त करें जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और बदलते रोजगार परिदृश्य में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।कहा कि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को पाटने के लिए विश्वविद्यालयों को उद्योग, समाज और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़कर कौशल आधारित, बहुविषयक और अनुभव आधारित शिक्षण मॉडल अपनाने होंगे। दूसरी ओर कुलपति प्रो.रावत को सम्मान मिलने पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. एम. एस. मंद्रवाल समेत प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. चित्रा पांडेय, प्रो.ललित तिवारी, प्रो. रीतेश साह, प्रो. एन. जी. साहू, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. जया तिवारी एवं प्रो. महेंद्र सिंह राणा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# 5वीं जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता में जनपद की 143 बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में 5वीं निःशुल्क जिला स्तरीय महिला जुझजित्सू प्रतियोगिता 2026 का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, जिला जु-जित्सू ऐसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हीराम तिग्गा, वसीम खान ने सयुंक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर किया। मुख्य अतिथि चुघ ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त बनाने के लिए जिला जुजित्सु संघ द्वारा किया गया कार्य अत्यधिक सराहनीय है।समाज में लड़कियों के लिये ये बहुत जरुरी है कि वो सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल प्राप्त करें। उन्हें जीवन की हर सच्चाई और कानूनी अधिकारों से अवगत होना चाहिये। महिलाओं के विकास के बिना देश और समाज का विकास अधूरा है। विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा कहा कि बालिकाओं को किसी भी स्तर पर घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं, ताकि वह परिवार की जिम्मेदारी भी संभालने में पीछे न रह सके। संघ के कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है। संघ के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जनपद से लगभग 127 बालिकाओ ने विभिन्न वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए पदक जीते। जिसमें सब जूनियर आयु वर्ग की विभिन्न भार की फाइटिंग स्पर्धा में अंडर 8 आयुर्वग की -21 किग्रा में अनाया जोशी ने स्वर्ण, हिमांशी ने रजत, अनन्य गुप्ता, आराध्या सक्सेना ने कांस्य पदक जीते, अंडर 10 आयुर्ग, -24 किग्रा में कुविरा चौहान स्वर्ण,नव्या रजत पदक, ऋतिका भंडारी, सौजन्य कांस्य पदक जीते, बाकी इवेंट चल रहे है।इस दौरान शोभा तिग्गा, नरेंद्र सिंह, कौशल्या, शेखर सक्सेना, गुलशन कुमार, शिवम, मिनकू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर भारतीय ज्ञान परीक्षा हेतु डीएसबी की छात्रा स्नेहा मुरारी का चयन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसरए नैनीताल की शिक्षा विभाग (आईटीईपी) की छात्रा स्नेहा मुरारी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिसर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय कामयाबी के साथ ही उनका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन भी हुआ है। स्नेहा की यह अहम कामयाबी पूरे डीएसबी परिसर नैनीताल तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। दूसरी ओर स्नेहा का कहना है कि माता- पिता की प्रेरणा और गुरुजनों के मार्ग निर्देशन से आज मेरा चयन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए हुआ है।

बता दें भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, दर्शन, पारंपरिक विज्ञान एवं जीवन मूल्यों की गहन समझ विकसित करना है। देशभर के हजारों विद्यार्थियों के बीच शीर्ष स्थान प्राप्त करना स्नेहा मुरारी की मेहनत, लगन और अनुशासन का स्पष्ट प्रमाण है। दूसरी ओर मामले में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0. दीवान सिंह रावत ने स्नेहा मुरारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह कामयाबी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिभा को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नेहा राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित करेंगी तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

कुमाऊं विवि के डीन (शिक्षा संकाय) प्रो. अतुल जोशी के मुताबिक भारतीय ज्ञान परंपरा परीक्षा में सुश्री स्नेहा मुरारी द्वारा शीर्ष स्थान प्राप्त करना हमारे लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है। यह कामयाबी न केवल स्नेहा की मेहनत, लगन और बौद्धिक क्षमता का परिणाम है बल्कि यह हमारे विभाग के शिक्षण, शोध एवं मार्गदर्शन की गुणवत्ता को भी दर्शाती है।

# भीमताल में ग्राफिक एरा का एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ

**भीमताल**
हमारे संवाददाता



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मॉडल राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेहरागांव ग्राम दोब ल्वेशाल भीमताल में सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 7 फरवरी से 13 फ रवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें 100 एनएसएस स्वयंसेवक सामुदायिक सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं अनुभवात्मक शिक्षण में सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह के साथ शिक्षिकाएं नमिता शर्मा, दीप्ति परिहार एवं बाबली की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे विश्वविद्यालय एवं विद्यालय के बीच सहयोग की भावना प्रकट हुई।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित मित्तल एवं डॉ. संतोषी सेनगुप्ता ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए शिविर के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने सेवा, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं सक्रिय नागरिकता के महत्व पर बल देते हुए युवाओं से ग्रामीण समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

शिविर के अंतर्गत सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि, लैंगिक संतुलन को बढ़ावा, प्राकृतिक संसाधनों की सीमितता के प्रति जागरूकता, ऊर्जा साक्षरता तथा ग्रामीण खेलों के प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक शैक्षिक विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाने के साथ.साथ स्वयंसेवकों को वास्तविक सामाजिक चुनौतियों की व्यावहारिक समझ प्राप्त होगी। सप्ताह भर चलने वाले शिविर में पोस्टर निर्माण, स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, ट्रेकिंग एवं ग्रामीणों के साथ संवाद जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगीए जिनका उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है।भीमताल परिसर के निदेशक ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह विशेष शिविर समाज में सकारात्मक परिवर्तन व जिमेदारी की भावना एवं मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करेगा।

# 846 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार, मंडी बायपास रोड पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंडी बायपास रोड क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को 846 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

बीती रात टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त पर थे। इसी दौरान फायर स्टेशन के पास एएनटीएफ कर्मियों से मुलाकात हुई, जिन्होंने मंडी बायपास रोड पर नशेड़ियों की गतिविधियों की शिकायतें होने की जानकारी दी। इसके बाद संयुक्त रूप से क्षेत्र में चेकिंग शुरू की गई। चेकिंग के दौरान फायर स्टेशन से आगे एक संदिग्ध युवक पीठ पर बैग और हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया और तेजी से आगे बढ़ने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र सिंह निवासी दानीबंगर, गौलापार बताया। तलाशी के दौरान युवक के पास मौजूद कट्टे से काले रंग की बत्तीनुमा चरस बरामद हुई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर चरस का कुल वजन 846 ग्राम (शुद्ध) पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में पैसों के लालच में चरस लाने की बात स्वीकार की।

कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया है और नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर कई कार्यक्रमों का किया आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष से पूरे होने पर नैनीताल जिले के तहत सरस्वती शिशु मंदिर गरमपानी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि विशिष्ट राजेश जोशी जबकि अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी हेम चंद्र आर्य रहे। इस दौरान उन्होंने सौ वर्ष पूरे होने पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान वक्ताओं में हिंदू धर्म के बारे में लोगों को जागरूक करने का आवाहन किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द समिति का विस्तार किया जाएगा। बताया कि गरमपानी में चार मंडल गरमपानी,रातीघाट व सुयालबाड़ी और सिमलखा हैं। जिसमें संयोजक तथा सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष आदि की नियुक्ति की जाएगी। आगामी दिनों में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कहा कि जिसमें सभी समुदाय के लोग प्रतिभाग करेगें। राजेश जोशी सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, शीलनिधि प्रांत बाल विद्यार्थी प्रमुख, मनोहर जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, दिनेश पाण्डेय खण्ड कार्यवाह, मदन मोहन कैड़ा, चंद्रशेखर, कुंदन सिंह जीना, नरेंद्र खण्ड बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, महिपाल खण्ड व्यवस्था प्रमुख, डिकर खण्ड शारीरिक प्रमुख, प्रेम कुमार खण्ड सेवा प्रमुख, दीपक खण्ड मार्ग प्रमुख, दीपक पांडे मंडल सद्भावना प्रमुख,भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, उपाध्यक्ष रमेश सुयाल, उमेश जलाल, विनोद जलाल,हीरा सिंह बिष्ट, त्रिभुवन सिंह, कमल बधानी, मनोज कुमार, दिनेश फुलारा, ग्राम प्रधान निर्मला जोशी, प्रधान गंगा जलाल, बादरकोट राधा जलाल तथा धनिया को ग्राम प्रधान उषा पीनारी, गीता प्रधान, गीता पाठक, बरगल ग्राम प्रधान ललिता, क्षेत्र पंचायत सदस्य ललित दानी, पवन अमन कुमार व मदन मोहन गेड़ा आदि मौजूद रहे।